मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-587
14/11/2023

# मुख्यमंत्री ने छठ महापर्व– 2023 की तैयारियों को लेकर गंगा घाटों का किया निरीक्षण

**पटना, 14 नवम्बर 2023 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ– 2023 के मद्देनजर छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर द्वारा गाय घाट से कंगन घाट तक और फिर कंगन घाट से दानापुर के नासरीगंज तक के विभिन्न गंगा घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि छठ व्रतियों की सुरक्षा के साथ–साथ उनको हर प्रकार की सहूलियत मिले यह सुनिश्चित करें। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ख्याल रखें। गंगा नदी के जलस्तर एवं प्रवाह को देखते हुये छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें। घाटों के पहुँच पथ एवं गंगा नदी किनारे की सड़कों के पास भी छठ व्रतियों के सुचारू आवागमन हेतु बैरिकेडिंग करायें। छठ व्रतियों की सुविधाओं और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये सारी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भी हमने छठ घाटों का निरीक्षण किया था और सारी व्यवस्थाओं की जानकारी ली थी।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, ऊर्जा मंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन–सह–सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री ललित कुमार यादव, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री शाहनवाज, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदयकांत मिश्रा, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री कौशल मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग, आपदा प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग श्री प्रत्यय अमृत, ऊर्जा सह लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के प्रधान सचिव श्री संजीव हंस, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, पटना के प्रमण्डलीय आयुक्त श्री कुमार रवि, अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष सुरक्षा श्री सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक लॉ एण्ड ऑर्डर श्री संजय सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री राकेश राठी, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, पटना नगर निगम के आयुक्त श्री अनिमेश परासर सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******